न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर
पीठासीन अधिकारी ए.एच.गौरी आर.ए.एस
अपील संख्या 128/2017 एल आर एक्ट (GCMS No 2015/ 00008)
अनवान शंकरलाल बनाम स्टेट, राजेराम वगैरह
अपील विरूद्व आदेश–अति.जिला कलेक्टर नोहर दिनांक 09.11.2015

.तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
08.02.2023	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलान्ट अनुपस्थित। अपीलान्ट शंकरलाल स्वय अनुपस्थित। अभिभाषक अपीलांट को बार –बार रेस्पोडेंट संख्या 8, 10, 12 के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं उसके जायज वारिसानो की सूची पेश करने तथा शेष रेस्पोडेन्ट के निमित नोटिस सही पता अंकित कर पेश करने हेतु लगातार पाबन्द किये जाने के बावजूद भी आज तारीख पेशी तक पेश नही किया गया है । पत्रावली वर्ष 2017 से विचाराधीन चल रही है। अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलांट शंकरलाल को रूक– रूक कर आवाज लगवाई गई बावजूद आवाज के वे न तो स्वय उपस्थित आये और न ही उनकी ओर से कोई वेधानिक प्रतिनिधी उपस्थित आये। अतः पत्रावली अदम हाजरी, अदम पैरवी मे खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम होकर आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड लौटाया जाकर पत्रावली बाद तरतीब,तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया। अति. संभागीय आयुक्त बीकानेर	